हरिभूमि
# मध्यांचल भूमि
रायपुर, सोमवार 30 मार्च 2026

[ बलौदाबाजार | भाटापारा | खरोरा | कसडोल | पलारी-अमेरा | बिलाईगढ़ ]



**खबर संक्षेप**

## 86 माह के डीए एरियर्स पर सरकार से होगी चर्चा

**रायपुर।** प्रदेश के कर्मचारियों एवं पेंशनरों को मोदी की गारंटी के तहत 2017 से लेकर 2026 तक कुल 86 माह के डीए एरियर्स की मांग पर शासन के जिम्मेदार अधिकारियों से चर्चा की जाएगी। प्रदेश स्तर पर गठित एक मांग एक मंच के प्रांतीय कोर कमेटी की बैठक संरक्षक डॉ डीपी मनहर के मुख्य आतिथ्य एवं चंद्रिका सिंह की अध्यक्षता में राजधानी में आयोजित की गई। बैठक में कोर कमेटी के संरक्षक अनिल शुक्ला, सुजान सिंह बिंद, ओपी शर्मा और गोपाल साहू विशेष रूप से उपस्थित थे। एक मांग एक मंच के प्रांतीय संयोजक करन सिंह अटेरिया ने कहा कि प्रदेश के शासकीय कर्मचारी एवं पेंशनर एक सूत्रीय मांग पर शासन की उपेक्षा से आक्रोशित हैं इसलिए मांग पूरी होने तक हस्ताक्षर अभियान पूरे प्रदेश में जारी रहेगा। प्रांतीय संरक्षक अनिल शुक्ला के चार बिंदुओं के प्रस्ताव को प्रांतीय कोर कमेटी ने पारित किया। जिसमें कि 86 माह के डीए एरियर्स के लिए छत्तीसगढ़ शासन के मुख्य मंत्री एवं वित्त मंत्री से मिलकर चर्चा कर करेगा। एक मांग एक मंच डीए एरियर्स को लेकर शासन के विरुद्ध उच्च न्यायालय बिलासपुर में कोई याचिका दायर नहीं करेगा।

## रामनवमी पर भंडारे का आयोजन, प्रसाद वितरित

**रायपुर।** श्री राम नवमी के पावन अवसर पर इंद्रप्रस्थ फेस 2 के श्री राम जानकी वाटिका पर प्रसादी भंडारे का आयोजन किया गया। इसके पूर्व कालोनी के रहवासियों ने भगवान राम की विशेष पूजा अर्चना और मंगल आरती गाकर मंगल कामना की। आयोजित भंडारे के दौरान मौसम में बदलाव हुआ मगर कालोनी के लोगों ने एकजुटता का परिचय देते हुए विषम परिस्थितियों पर काबू पा लिया। कालोनीवासियों द्वारा पिछले तीन साल से रामनवमी पर भंडारे का आयोजन किया जाता है।

# पुरानी रूढ़ियों की बेड़ियां टूटीं: विधवा माता ने बेटे को 'मौर' सौंपकर विदा की बारात

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पलारी

अलग खबर

समाज में व्याप्त दकियानूसी परंपराओं और वर्जनाओं को दरकिनार कर ग्राम अर्जुनी बलौदाबाजार के साहू परिवार ने एक ऐसी मिसाल पेश की है, जिसकी चर्चा जोरों पर है। यहाँ एक विधवा माता ने स्वयं अपने हाथों से बेटे के सिर पर 'मौर' सजाकर बारात विदा की।

आमतौर पर ग्रामीण और पारंपरिक समाजों में विधवा महिलाओं को मांगलिक कार्यों और मुख्य रस्मों से दूर रखने की कुप्रथा रही है। लेकिन अर्जुनी की श्रीमती टेकेश्वरी साहू ने इन बेड़ियों को तोड़ते हुए अपने सुपुत्र हेमंत साहू के विवाह के अवसर पर सभी मुख्य रस्में निभाईं। उन्होंने खुद आगे बढ़कर बेटे को 'मौर' याने शादी का मुकुट सौंपा। इसके बाद ममतामयी आशीर्वाद के साथ बारात को प्रस्थान करवाया।



### अर्जुनी में परिवार ने पेश की अनूठी मिसाल

#### साहू परिवार का क्रांतिकारी कदम

*साहू परिवार द्वारा उठाया गया यह कदम केवल एक पारिवारिक निर्णय नहीं, बल्कि पूरे समाज के लिए एक क्रांतिकारी संदेश है। उपस्थित प्रबुद्ध नागरिकों और ग्रामीणों ने इस पहल की मुक्तकंठ से सराहना करते हुए कहा कि माता का स्थान दुनिया में सर्वोपरि है। किसी भी परिस्थिति या सामाजिक रूढ़ि के आधार पर एक माँ को अपने ही बच्चे के शुभ कार्यों से वंचित रखना अनुचित और अमानवीय है।*

#### समाज के लिए अनुकरणीय पहल

इस विवाह समारोह में शामिल हुए लोगों का मानना है कि समय के साथ कुरीतियों को छोड़ना और मानवता व सम्मान को प्राथमिकता देना ही असली संस्कार है। अर्जुनी के इस साहू परिवार ने साबित कर दिया है कि प्रगतिशील सोच से ही समाज का वास्तविक उत्थान संभव है।

### राहत : शिक्षक रचनात्मक कार्यों में भी कर रहे सहयोग

# भारत स्काउट्स एवं गाइड्स और प्रदेश शिक्षक सेवी कल्याण संघ ने शुरू की 'प्याऊ घर सेवा'

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पलारी

बढ़ती गर्मी को देखते हुए आमजनों और राहगीरों को राहत पहुंचाने भारत स्काउट्स एवं गाइड्स छत्तीसगढ़ एवं प्रदेश शिक्षक सेवी कल्याण संघ ब्लॉक के संयुक्त तत्वावधान में बस स्टैंड यात्री प्रतीक्षालय के पास शीतल 'प्याऊ घर सेवा' का शुभारंभ किया गया। इस दौरान प्याऊ घर को गुब्बारे से सजाया गया था। जनसेवा कार्य का विधिवत उद्घाटन नगर पंचायत अध्यक्ष गोपी साहू ने किया। राहगीरों एवं आम नागरिकों को निरंतर ठंडा एवं स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराया जाएगा। इस 'प्याऊ घर' का मुख्य उद्देश्य गर्मी से राहत प्रदान करते हुए मानव सेवा के भाव को सशक्त करना है।

■ नगर पंचायत अध्यक्ष ने किया शुभारंभ

इस अवसर पर मुख्य अतिथि गोपी साहू ने जल के महत्व और इसके सदुपयोग पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि, जल ही जीवन है और भीषण गर्मी के इस मौसम में प्यासे राहगीरों को शीतल जल उपलब्ध कराना सबसे बड़ा पुण्य का कार्य है। हमें जल संरक्षण के प्रति भी जागरूक रहने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा, हमारे शिक्षक न केवल बच्चों की उत्कृष्ट शिक्षा और भविष्य निर्माण में अपना शत-प्रतिशत योगदान दे रहे हैं, बल्कि सामाजिक सहभागिता और जनकल्याण के ऐसे रचनात्मक कार्यों में भी उनकी अग्रणी भूमिका अत्यंत सराहनीय है।



#### ये रहे उपस्थित

इस पुनीत अवसर पर नगर पंचायत उपाध्यक्ष पिंटू वर्मा, जिला कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष हितेंद्र ठाकुर, पार्षद डोमार सिंह वर्मा, साधराम साहू, फेडरेशन पलारी के ब्लॉक संयोजक देवेंद्र साहू, प्रदेश शिक्षक सेवी कल्याण संघ ब्लॉक अध्यक्ष अभिषेक महोबे और स्काउट मास्टर संजीव कुमार पटेल, डी पी धीवर, किशोर कुमार वर्मा, कविता सरसीहा, आराधना वर्मा, संध्या पैकरा, किरण ठाकुर, पुष्पलता वर्मा, अनुसुइया वर्मा, छन्नू ध्रुव, प्रकाश कुमार सेन, राजकुमार साहू, थानसेन कुर्रे, मनोज वर्मा जगजीवन जोशी, शैलेन्द्र साहू, पुरूषोत्तम यादव, डिकेश चंद्राकर, राम बिशाल पटेल, हेम कुमार फेकर, खेमलाल साहू, मुकेश साहू, राजेश कन्नौजे, मोहित वर्मा सत्यनारायण शर्मा, मुरारी वर्मा सहित बड़ी संख्या में शिक्षक एवं नागरिकगण उपस्थित थे।



# अवर सचिव ने कोलिहा चौराहे पर किया शीतल प्याऊ का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मुंडा

भीषण गर्मी और तपती धूप को देखते हुए मानवता की सेवा के उद्देश्य से ग्राम पंचायत कोलिहा में एक सराहनीय पहल की गई है। नेशनल हाईवे रोड स्थित कोलिहा सड़क चौराहे पर भारत स्काउट गाइड स्थानीय संघ बलौदाबाजाद्वारा स्वर्गीय ध्रुव नारायण वर्मा की स्मृति में 'शीतल प्याऊ घर' का भव्य उद्घाटन किया गया। शुभारंभ स्वर्गीय ध्रुव नारायण के पुत्र व अवर सचिव स्कूल शिक्षा विभाग रामेश्वर प्रसाद वर्मा के मुख्य आतिथ्य में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में वोनित कुमार वर्मा निज सचिव सामान्य प्रशासन विभाग और डॉ. नीरज कुमार वर्मा सहायक अध्यापक शहीद महेंद्र कर्मा विश्वविद्यालय जगदलपुर उपस्थित रहे। अवर सचिव ने स्काउट गाइड के इस प्रयास की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि भीषण गर्मी में प्यासे लोगों को शीतल जल उपलब्ध कराना सबसे बड़ा पुण्य का कार्य है। समाज के सक्षम लोगों को आगे आकर अपनी सहभागिता देनी चाहिए, ताकि हर मुख्य चौक-चौराहे पर राहगीरों को पीने का पानी आसानी से मिल सके। स्वर्गीय ध्रुव की स्मृति को चिरस्थायी बनाए रखने के लिए उनके पुत्र डॉ. नीरज कुमार वर्मा ने न केवल इस कार्य की सराहना की, बल्कि अपनी ओर से आर्थिक सहयोग भी प्रदान किया। उन्होंने जोर दिया कि हर गांव और शहर में ऐसी व्यवस्थाएं होनी चाहिए ताकि कोई भी यात्री प्यास से परेशान न हो।

**इनका रहा योगदान:** सेवानिवृत्त प्रधान पाठक रूप सिंह वर्मा और दिलहरण यादव भी मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन स्काउटर मथुरा प्रसाद वर्मा व आभार विकासखंड सचिव चूड़ामणि वर्मा ने किया। इस आयोजन को सफल बनाने में स्काउटर चंद्रकांत वर्मा, पारसनाथ वर्मा, लहाराम मनहरे, मनोज कुमार वर्मा, शिक्षक जयप्रकाश वर्मा और रविकांत वर्मा सहित अन्य सदस्यों का विशेष योगदान रहा।

# जोत-जंवारा विसर्जन में उमड़ा जनसैलाब, गुरुदेव के नृत्य ने श्रद्धालुओं को किया भाव-विभोर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पलारी

चैत्र नवरात्रि के पावन अवसर पर पूरे क्षेत्र में श्रद्धा और भक्ति का अनुपम दृश्य देखने को मिला। नौ दिनों तक माता रानी की आराधना के पश्चात शुक्रवार को धूमधाम और पूरे विधि-विधान के साथ जोत-जवारा का विसर्जन किया गया। इस दौरान घोटिया सहित आसपास के गांवों में भक्तिमय माहौल बना रहा और बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। विसर्जन के दौरान गुरुदेव ने खप्पर लेकर भक्ति में लीन होकर नृत्य किया, जिसे देखकर श्रद्धालु भाव-विभोर हो उठे। उनके दिव्य नृत्य ने पूरे वातावरण को भक्ति रस में सराबोर कर दिया और "जय माता दी" के जयकारों से पूरा क्षेत्र गूंज उठा। आसपास के गांवों से भी बड़ी संख्या में लोग इस अद्भुत दृश्य को देखने के लिए पहुंचे।



#### महामाया मंदिर में भंडारा और महाप्रसाद

महामाया मंदिर में भी जोत-जवारा विसर्जन के उपरांत प्रसाद वितरण एवं भंडारा का भव्य आयोजन किया गया, जिसमें सैकड़ों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। आयोजन में व्यवस्था सुव्यवस्थित रही और सभी भक्तों ने शांति एवं श्रद्धा के साथ भाग लिया। गर्मी को देखते हुए भगवती वर्मा परिवार द्वारा श्रद्धालुओं के लिए जल जीरा की व्यवस्था कर श्रद्धालुओं को राहत प्रदान की।पूरे आयोजन के दौरान ढोल-नगाड़ों, बाजे-गाजे और भक्ति गीतों के साथ श्रद्धालु जुलूस में शामिल हुए। महिलाएं सिर पर कलश एवं जवारा लेकर भक्ति गीत गाते हुए चल रही थीं, वहीं युवक-युवतियां नृत्य करते हुए उत्साह बढ़ा रहे थे। इस प्रकार जोत-जवारा विसर्जन कार्यक्रम भक्ति, आस्था और उत्साह के साथ संपन्न हुआ।

## गाजे-बाजे के साथ मां भवानी के ज्योत जवारा का विसर्जन

**कसडोल ।** चैत्र नवरात्रि के नौवें दिन कुश की नगरी में गाजे- बाजे के साथ माता रानी के जवारे का विसर्जन श्रद्धा, आस्था एवं उत्साह के साथ किया गया। । नगर में मांदर धुन और माता रानी के जस गीत के साथ निकली विसर्जन यात्रा ने पूरे वातावरण को भक्तिमय बना दिया। जवारा विसर्जन नगर के विभिन्न मार्गों से होकर नगर के हृदय स्थल बजरंग चौक पहुंची जहां श्रद्धालुओं का जनसैलाब उमड़ पड़ा।



इस भव्य एवं गरिमामयी आयोजन में नगर पंचायत अध्यक्ष नागेश्वर साहू विशेष रूप से उपस्थित रहे। माता रानी के ज्योत जवारा के दर्शन कर श्रीफल भेंट कर आशीर्वाद लिया। उन्होंने श्रद्धा भाव से माता रानी के दर्शन कर नगरवासियों की सुख-शांति एवं समृद्धि की कामना की। जवारा विसर्जन कार्यक्रम में नगर पंचायत के समस्त जनप्रतिनिधिगण वरिष्ठजन एवं बड़ी संख्या में नगरवासी शामिल हुए। आयोजन के दौरान सुरक्षा एवं व्यवस्था के भी बेहतर इंतजाम किए गए, जिससे कार्यक्रम शांतिपूर्ण एवं सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न हुआ।कार्यक्रम के अंत में विधि-विधान के साथ जवारा विसर्जन किया गया। श्रद्धालुओं ने भावभीनी विदाई के साथ माता रानी से पुनः आगमन की प्रार्थना की। यह आयोजन न केवल धार्मिक आस्था का प्रतीक रहा बल्कि सामाजिक एकता भाईचारे एवं सांस्कृतिक परंपराओं को भी सुदृढ़ करने का माध्यम बना।

# करदा टैंक में गूंजी 104 प्रजातियों की चहचहाहट दुर्लभ मॉटल्ड वुड आउल का दिखा कुनबा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

वन विभाग द्वारा डीएफओ गणवीर धम्मशील के मार्गदर्शन में संचालित 'युवान' पहल के अंतर्गत लवन स्थित करदा टैंक क्षेत्र में 'बर्ड वॉक' का आयोजन किया गया। सुबह 6:30 बजे प्रारंभ हुए इस कार्यक्रम का उद्देश्य नागरिकों को स्थानीय पारिस्थितिकी तंत्र से जोड़ना रहा। नगर पंचायत लवन के समीप कोरदा से लेकर करदा टैंक के लगभग 4 किलोमीटर विस्तृत जलग्रहण क्षेत्र में आयोजित इस प्रकृति भ्रमण का नेतृत्व पक्षी विशेषज्ञ हेमंत वर्मा ने किया।

इस दौरान प्रतिभागियों ने पक्षियों की विविध प्रजातियों का अवलोकन करते हुए उनके व्यवहार, उड़ान शैली, आवाज बर्ड कॉल एवं आवास हैबिटेट की जानकारी प्राप्त की। इस बर्ड वॉक में कुल 9 प्रतिभागियों ने भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान 104 प्रजातियों के पक्षियों का दस्तावेजीकरण किया गया, जो क्षेत्र की समृद्ध जैव विविधता को दर्शाता है। जलाशय, घासभूमि और वृक्षीय क्षेत्रों में पक्षियों की सक्रियता विशेष रूप से देखी गई।



#### जलाशय और घासभूमि में दिखी पक्षियों की रौनक

*कार्यक्रम की विशेष उपलब्धि इंडियन ईगल आउल और मॉटल्ड वुड आउल जैसे दुर्लभ रात्रिचर पक्षियों का अवलोकन रहा। मॉटल्ड वुड आउल के 6 पक्षियों का एक साथ दिखाई देना अत्यंत महत्वपूर्ण माना गया। इसके अलावा जलपक्षियों में लेसर व्हिसलिंग डक, कॉटन पिग्मी गूज, यूरेशियन कूट, ग्रे-हेडेड स्वैम्पेन सहित अनेक प्रजातियां बड़ी संख्या में दर्ज की गईं। घास भूमि क्षेत्रों में रेड-वॉटल्ड लैपविंग, लिटिल रिंग्ड प्लोवर एवं अन्य पक्षी सक्रिय रहे, वहीं वृक्षीय क्षेत्रों में डव, कोयल, हूपो, बी-ईटर, बुलबुल, मैना जैसी प्रजातियां देखी गईं। शिकारी पक्षियों में ओस्प्रे, ब्लैक काइट, व्हाइट-आइड बज़र्ड तथा वेस्टर्न मार्श हैरियर प्रमुख रहे। प्रतिभागियों में नरेन्द्र वर्मा, जीवन लाल यादव, टिकेश्वर निषाद, सचिन मनहरे, कृष्णा पैकरा, अंजू वर्मा, तनिषा पटेल, तिनेश्वरी वर्मा एवं एरिक मलाकी शामिल रहे। पक्षी विशेषज्ञ हेमंत वर्मा ने बताया कि करदा टैंक की घासभूमियां पक्षियों के प्रजनन एवं आवास के लिए अत्यंत अनुकूल हैं। उन्होंने कहा कि इंडियन ईगल आउल एवं मॉटल्ड वुड आउल की उपस्थिति इस क्षेत्र के सुरक्षित एवं संतुलित पारिस्थितिकी तंत्र का संकेत है। उन्होंने यह भी बताया कि प्रवास के इस समय पक्षियों के व्यवहार को समझना उनके संरक्षण के लिए आवश्यक है। 'युवान' कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं को प्रकृति से जोड़ते हुए उन्हें जैव विविधता के संरक्षण के प्रति जागरूक बनाना है।*

# कसडोल ब्लॉक में युवा व महिला प्रकोष्ठ की नई टीम का निर्वाचन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कसडोल

प्रगतिशील छत्तीसगढ़ सतनामी समाज के संगठन विस्तार अभियान के तहत कसडोल ब्लॉक में युवा एवं महिला प्रकोष्ठ के ब्लॉक अध्यक्ष एवं पदाधिकारियों का निर्वाचन मनोनयन शनिवार, 28 मार्च 2026 को मडवा धर्मशाला मडवा गिरौदपुरी में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। कार्यक्रम दोपहर 2 बजे प्रारंभ हुआ जिसमें समाज के बड़ी संख्या में पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित रहे। जिला महासचिव सुशील बंजारे के मार्गदर्शन में आयोजित इस कार्यक्रम में जिला अध्यक्ष दीपक घृतलहरे सहित प्रदेश एवं जिला स्तर के कई वरिष्ठ पदाधिकारी शामिल हुए। आयोजन का मुख्य उद्देश्य संगठन को मजबूत करना और नई नेतृत्व टीम का गठन करना रहा।निर्वाचन प्रक्रिया के तहत विभिन्न पदों पर चयन किया गया जिसमें ब्लॉक अध्यक्ष उपाध्यक्ष महासचिव सहसचिव कोषाध्यक्ष प्रवक्ता मीडिया प्रभारी एवं कार्यकारिणी सदस्य शामिल रहे। निर्वाचन की पुरी जिम्मेदारी जिला उपाध्यक्ष जगन्नाथ महिलांग ने मुख्य निर्वाचन अधिकारी के रूप में निभाई। वहीं श्रीमती महेश्वरी कुर्रे अशोक मांडले एवं रामसागर कोसले ने पर्यवेक्षक की भूमिका निभाई। निर्वाचित पदाधिकारी इस प्रकार हैं अध्यक्ष केशव प्रसाद सोनी, उपाध्यक्ष (निर्वाचित) सचिव जितेंद्र जांगड़े, महिला प्रकोष्ठ अध्यक्ष सुनीता कोसले, उपाध्यक्ष माधुरी कोसले, सचिव राधिका दिवाकर, कार्यक्रम में सरजू प्रसाद घृतलहरे, सुशील बंजारे, चंद्रशेखर सांडे, यादराम हिरवानी, विनोद चेलक, मोती लाल बंजारे, मोहन पुरैना, नकुल बांधे, रामसागर कोसले एवं गौरी देवी सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे।





# भक्त माता कर्मा की जयंती पर निकाली कलशयात्रा

**खरोरा ।** ग्राम मटिया में तेली साहू समाज के तत्वावधान में पांचवें वर्ष मां कर्मा जयंती समारोह इकाई साहू समाज एवं ग्रामवासियों द्वारा भक्त शिरोमणि मां कर्मा की 1010 वीं जयंती बड़े धूम- धाम से मनाई गई। साहू समाज द्वारा कलश शोभायात्रा ढोल नगाड़ों के साथ माता के जयकारे लगाते हुए निकाली गई। शोभायात्रा में सैकड़ों की संख्या में महिलाओं ने सर पर कलश रखकर भ्रमण किया। भक्त माता कर्मा की पूजा अर्चना कर साहू भवन के लिए भूमिपूजन का कार्यक्रम रखा गया था। अतिथियों और ग्राम के स्वाजातीय बंधुओं द्वारा भूमिपूजन किया गया। साथ ही अतिथियों का स्वागत किया गया। इसमें तहसील अध्यक्ष धरसीवा लेखराम साहू, परिक्षेत्र सारागांव अध्यक्ष टिकाराम साहू, जिला पंचायत सदस्य सविता चंद्रकार, जनपद अध्यक्ष शकुनतला ढिलेन्द्र सेन, जनपद उपाध्यक्ष दिनेश खुटे, पूर्व अध्यक्ष जिला कांग्रेस कमेटी उधोराम वर्मा, तहसील संगठन सचिव अनिल साहू, तहसील संरक्षक बंसी साहू, कोषाध्यक्ष गणेश राम साहू, मांढर परिक्षेत्र अध्यक्ष गणेश राम साहू, थलेश्वर साहू, किरण साहू, डिगेश्वरी साहू, कौशलराम साहू उपस्थित थे।



#### महिलाओं की प्रतियोगिता, बुजुर्ग व विद्यार्थियों का सम्मान

साथ ही महिलाओं के लिए कई प्रतियोगिताएं हुई । वहीं बुजुर्गों और उत्कृष्ट विद्यार्थियों का सम्मान किया गया। भोग भंडारे का आयोजन किया गया। इसमें ग्राम इकाई अध्यक्ष इकाई अध्यक्ष रामचंद्र साहू, उपाध्यक्ष भूषण साहू, संयोजक संतोष साहू, सचिव अमन साहू, कोषाध्यक्ष राजेंद्र साहू, युवा अध्यक्ष सत्यनारायण साहू, महिला उपाध्यक्ष देवजनी साहू, सचिव सुरेखा साहू, खुबचंद् साहू, भवर सिंह साहू आदि उपस्थित थे।

HEALTH TOWN

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
> वात रोग > घुटने के दर्द > पीठ व कमर दर्द > स्पॉन्डिलाइटिस > लिगामेंट के दर्द
> साइटिका > गोल्फ एल्बो > फ्रोजन शोल्डर > शरीर मे जकड़न
जोड़ों, नसों, मांसपेशियों के सभी प्रकार के दर्द का इलाज
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003

Piles Care Clinic
ISO 9001:2015 Certified Clinic
Unit of Dr Abhimanyu's Pain Relief Center
बिना चीरफाड़ के बवासीर (पाइल्स), फिस्टुला (भगंदर) फिशर्स, पिलोनिडल साइनस का
लेज़र मशीन /क्षार सूत्र द्वारा आपरेशन की सुविधा
लेडिस डॉक्टर उपलब्ध

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

हरिभूमि
मध्यांचल भूमि
रायपुर, सोमवार 30 मार्च 2026

तापमान
अधिकतम 34.0 डिग्री
न्यूनतम 23.0 डिग्री

10 राम जन्मोत्सव पर निकली भव्य बाइक रैली, जय...

10 मानस गान में ममता दिव्या मंडली बोरदा ने मारी बाजी




# 25 जोड़े बंधेंगे परिणय सूत्र में, ई-रिक्शा पर निकलेगी हाईटेक सामूहिक बारात

हरिभूमि न्यूज ⏭ अर्जुनी

आदिवासी समाज के प्रमुख आस्था केंद्र जोगी द्वीप (गुर्रा) में आगामी 31 मार्च को भव्य सामूहिक विवाह महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। गोंडवाना समाज के रीति-रिवाजों और पारंपरिक मान्यताओं के साथ इस वर्ष 25 जोड़ों का विवाह संस्कार संपन्न होगा। समाज द्वारा फिजूलखर्ची रोकने और पर्यावरण संरक्षण का संदेश देने के लिए इस बार 'नवाचार' करते हुए इलेक्ट्रॉनिक ऑटो रिक्शा (ई-रिक्शा) में बारात निकालने का निर्णय लिया गया है। सामूहिक विवाह को यादगार बनाने के लिए 31 मार्च की दोपहर 12 बजे भाटापारा स्थित मां शीतला मंदिर से सामूहिक बारात प्रस्थान करेगी। खास बात यह है कि सभी दूल्हे पारंपरिक वेशभूषा में सजे-धजे इलेक्ट्रॉनिक ऑटो रिक्शा पर सवार होकर जोगी द्वीप की ओर निकलेंगे। यह अनूठी बारात नगर के प्रमुख मार्गों से होते हुए समाज की सांस्कृतिक पहचान और आधुनिक सोच का प्रदर्शन करेगी।

## 31 मार्च को जोगी द्वीप में गूंजेगी शहनाइयां

### दिग्गज जनप्रतिनिधियों की रहेगी मौजूदगी

इस भव्य आयोजन के साक्षी बनने के लिए बिंद्रानवागढ़ विधायक जनक राम ध्रुव, गुंडरदेही के पूर्व विधायक राजेंद्र राय, भाटापारा विधायक इंद्र साव, नगर पालिका अध्यक्ष अश्वनी शर्मा, जिला पंचायत सदस्य राजा जायसवाल, अमर मंडावी, जनपद अध्यक्ष सविता प्रदीप अनंत और जनपद उपाध्यक्ष भोला वर्मा सहित अनेक जनप्रतिनिधि और समाज प्रमुख उपस्थित रहेंगे।



### गोंडवाना रीति-रिवाज से संपन्न होंगे संस्कार

बारात के जोगी द्वीप पहुँचने के पश्चात गोंडवाना समाज के पंडा-पुजारियों द्वारा पूरी पवित्रता के साथ विवाह की रस्में पूर्ण कराई जाएंगी। समाज के अध्यक्ष दौलत कुंजाम ने बताया कि सामूहिक विवाह को बढ़ावा देने के लिए समाज लगातार प्रयास कर रहा है। उन्होंने सामाजिक बंधुओं से अपील की है कि वे अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर नव-दंपतियों को अपना आशीर्वाद प्रदान करें और इस पुनीत कार्य में सहयोग करें।

## खबर संक्षेप

### 36 पौवा शराब जब्त कोचिया गिरफ्तार



**अर्जुनी।** पुलिस अधीक्षक भावना गुप्ता के निर्देशन में आमजनों की शिकायत एवं समस्याओं का त्वरित निराकरण करने जिले में महत्वाकांक्षी योजना समाधान सेल प्रारंभ किया गया है जिसकी सहायता से किसी भी प्रकार की सूचना शिकायत अथवा आपराधिक गतिविधि की जानकारी समाधान सेल हेल्पलाइन नंबर 94792 20392 में व्हाट्सएप अथवा कॉल के जरिए प्रदान की जा सकती है। समाधान सेल के माध्यम से आपराधिक कार्यों में संलिप्त व्यक्तियों की धरपकड़ में भी लगातार कामयाबी मिल रही है। इसी तारतम्य में 27 मार्च को समाधान सेल में प्राप्त सूचना के आधार पर थाना भाटापारा ग्रामीण की पुलिस टीम द्वारा अर्जुनी से लगा हुआ ग्राम खैरताल में घेराबंदी कर अवैध रूप से शराब बिक्री करते हुए आरोपी रामदास गेंडरे उम्र 50 वर्ष को 36 पाव देशी मसाला शराब के साथ गिरफ्तार कर धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही करते हुए न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करने की प्रक्रिया की जा रही है।

### सेल में श्रीमद् भागवत महापुराण ज्ञान यज्ञ आज से

**सेल।** ग्राम पंचायत सेल में 30 मार्च से 7 अप्रैल तक संगीतमय श्रीमद् भागवत महापुराण ज्ञान यज्ञ का आयोजन किया जा रहा हैं। स्थानीय शीतला चौक ग्राम सेल कथावाचक आचार्य कीर्ति कुमार पांडेय शिवभक्तिधाम वाले, परायणकर्ता छत्रपाल दुबे हंसुआ वाले हैं। आयोजक धजाराम साहू ने बताया कि कथा प्रसंग सुबह 9 बजे से 12 बजे तक शाम 4 बजे से 7 बजे तक होगा। 30 मार्च को कलशयात्रा, वेदी पूजन, भागवत महात्म्य होगा। 31 मार्च को परीक्षित जन्म सुकदेव आगमन तक। 1 अप्रैल को कपिलोपाख्यान एवं माता सती की कथा होगी। 2 अप्रैल को ध्रुव चरित्र भरत चरित्र एवं प्रहलाद चरित्र का कथा प्रसंग होगा। 3 अप्रैल को गजेंद्र मोक्ष समुद्र मंथन श्रीराम एवं श्रीकृष्ण जन्मोत्सव मनाया जाएगा। 4 अप्रैल को पुतना मोक्ष बाललीला से गोवर्धन पूजा तक, 5 अप्रैल को श्रीकृष्ण रूखमणी विवाहोत्सव होगा। 6 अप्रैल को सुदामा चरित्र परीक्षित मोक्ष एवं कथा विश्राम होगा। 7 अप्रैल को तुलसी वर्षा गीता पाठ हवन सहस्त्र धारा एवं देव विसर्जन होगा।

### हाईवा की टक्कर से एक घायल

**महासमुंद।** ग्राम पड़कीपाली में हाईवा की टक्कर से एक व्यक्ति घायल हो गया। पुलिस ने बताया कि ग्राम अजगरखार निवासी डोरीलाल निषाद 28 मार्च को शाम लगभग 6 बजे अपने मोटर सायकल से ग्राम भंवरपुर पुत्र की शादी का कार्ड बांटने के लिए जा रहा था। पडकीपाली मेन रोड पहुंचने पर सामने से आ रहे हाईवा क्र सीजी 04 पीई 8131 का चालक द्वारा अपने वाहन को लापरवाहीपूर्वक चलाकर डोरीलाल के मोटर सायकल को ठोकर भारकर एक्सीडेंट कर दिया। जिसमें उसे चोट लगी। मामले की रिपोर्ट पर आरोपी वाहन चालक के विरूद्ध धारा धारा 281, 125(ए) बीएनएस के तहत मामला दर्ज किया गया है।

### महिला के साथ पति ने की मारपीट

**महासमुंद।** महिला के साथ मारपीट के मामले में आरोपी पति के विरूद्ध मामला दर्ज किया गया है। पुलिस को आरती खुटे निवासी बरभांठा ने बताया कि उसका पति चुनुराम खुटे खुद शराब पीता है और दूसरों को भी शराब पिलाता है।

## हादसा : करंट के झटके ने छीनी जान, सुरक्षा मानकों की उड़ी धज्जियां

# केसदा की फैक्ट्री में 35 फीट की ऊंचाई से गिरे दो श्रमिक, एक की मौत, दूसरा कोमा में

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिमगा/हथबंद

औद्योगिक क्षेत्र केसदा स्थित स्वदेश मेटालिक प्राइवेट लिमिटेड में सुरक्षा व्यवस्था की भारी लापरवाही के चलते एक बड़ा हादसा सामने आया है। शनिवार को फैक्ट्री में काम के दौरान लगभग 35 फीट की ऊंचाई से करंट का झटका लगने के कारण दो मजदूर नीचे गिर गए। इस भीषण दुर्घटना में एक मजदूर की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई, जबकि दूसरा साथी रायपुर के एक निजी अस्पताल में जिंदगी और मौत के बीच जंग लड़ रहा है। घटना के बाद से ही फैक्ट्री प्रबंधन की कार्यप्रणाली और मजदूरों की सुरक्षा को लेकर गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार, ग्राम झिरिया निवासी वासुदेव ध्रुव और परमेश्वर ध्रुव फैक्ट्री में ऊँचाई पर कार्य कर रहे थे। इसी दौरान अचानक बिजली का जोरदार झटका लगने से दोनों का संतुलन बिगड़ गया और वे लगभग 35 फीट की ऊँचाई से कंक्रीट के फर्श पर आ गिरे। सिर और शरीर के अन्य हिस्सों में गंभीर चोट आने के कारण वासुदेव ध्रुव ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। वहीं, परमेश्वर ध्रुव की स्थिति अत्यंत चिंताजनक बनी हुई है; डॉक्टरों के अनुसार वे वर्तमान में 'कोमा' में हैं और वेंटिलेटर के सहारे उनकी सांसें चल रही हैं।





### सुरक्षा उपकरणों का अभाव

प्रत्यक्षदर्शियों और स्थानीय ग्रामीणों का आरोप है कि फैक्ट्री में सुरक्षा मानकों की खुलेआम अनदेखी की जा रही है। इतनी अधिक ऊँचाई पर काम करने के बावजूद मजदूरों को न तो सुरक्षा बेल्ट मुहैया कराए गए थे और न ही हेलमेट या अन्य सुरक्षा उपकरण। यदि मजदूरों के पास उचित सुरक्षा साधन होते, तो शायद वासुदेव की जान बच सकती थी। फैक्ट्री प्रबंधन द्वारा उत्पादन के चक्कर में श्रमिकों की जान को जोखिम में डालना अब क्षेत्र में चर्चा का विषय बन गया है।

### मुआवजे पर समझौता या मजबूरी?

घटना के तुरंत बाद मृतक के परिजनों और कंपनी प्रबंधन के बीच बंद कमरे में मुआवजे को लेकर बातचीत हुई। कंपनी ने परिजनों को 2 लाख रुपये नकद दिए हैं। 3 लाख रुपये दशगात्र कार्यक्रम के दौरान देने का आश्वासन दिया गया है। मृतक के पिता को उनकी योग्यता के अनुसार कंपनी में नियमित नौकरी देने की बात कही गई है। औद्योगिक नियमों के तहत मिलने वाला मुआवजा 2 महीने के भीतर दिलाने का भरोसा दिलाया गया है।

### क्षेत्रीय मजदूरों के साथ सौतेला व्यवहार

हालांकि, इस समझौते से स्थानीय ग्रामीण और मृतक के परिजन संतुष्ट नजर नहीं आ रहे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि कंपनी द्वारा दी गई सहायता राशि एक अनमोल जीवन की कीमत के सामने ऊंट के मुंह में जीरे के समान है। लोगों में इस बात को लेकर भारी आक्रोश है कि बाहरी कंपनियों द्वारा क्षेत्रीय मजदूरों की जान को बेहद सस्ता समझा जा रहा है। 2-5 लाख रुपये देकर एक परिवार का सहारा छीन लेना न्याय नहीं है, यह स्वर अब पूरे झिरिया और केसदा क्षेत्र में गूंज रहा है।

## भाजपा का 'पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान 2026' संपन्न



हरिभूमि न्यूज ⏭ खरोरा

भारतीय जनता पार्टी द्वारा सांगठनिक मजबूती और कार्यकर्ताओं के वैचारिक विकास के लिए संचालित 'पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान 2026' के अंतर्गत खरोरा मंडल का प्रशिक्षण वर्ग सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। इस शिविर में पार्टी की विचारधारा, कार्यपद्धति और आगामी लक्ष्यों को लेकर विस्तार से चर्चा की गई।

प्रशिक्षण वर्ग में मुख्य वक्ता के रूप में अशोक सिन्हा प्रदेश महामंत्री, ओबीसी मोर्चा और परदेसी राम जिला अध्यक्ष किसान मोर्चा उपस्थित रहे। उनके साथ ही अभिभाष कश्यप उपाध्यक्ष जिला सहकारी केंद्रीय बैंक, अंजय शुक्ला उपाध्यक्ष, पादप बोर्ड और उत्पल साहू जिला उपाध्यक्ष ने भी विभिन्न सत्रों को संबोधित किया। वक्ताओं ने 'एकात्म मानववाद' और 'अंत्योदय' के सिद्धांतों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि भाजपा का कार्यकर्ता केवल राजनीति के लिए नहीं, बल्कि राष्ट्र निर्माण और समाज सेवा के लिए समर्पित है।

### संगठन विस्तार और समय प्रबंधन पर जोर

प्रशिक्षण के दौरान कार्यकर्ताओं को समय प्रबंधन, संगठन विस्तार और केंद्र व राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुँचाने का प्रशिक्षण दिया गया। वक्ताओं ने आह्वान किया कि अंतिम पंक्ति के व्यक्ति और लाभार्थियों तक योजनाओं की जानकारी पहुँचाना प्रत्येक कार्यकर्ता की जिम्मेदारी है।

### वरिष्ठ पदाधिकारियों की रही उपस्थिति

कार्यक्रम की अध्यक्षता अनिल सोनी, नीलांबुज चंद्राकर, टिकेश्वर मनहरे, डॉ. बी.आर. गौतम और छगन यादव ने की। इस अवसर पर नगर पंचायत अध्यक्ष सुनीता अनिल सोनी, जिला अध्यक्ष महिला मोर्चा रश्मि वर्मा, मंडल अध्यक्ष सोना वर्मा सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## पूर्व राज्य मंत्री के गांव की सड़क बदहाल, उड़ रहे धूल के गुब्बारे

हरिभूमि न्यूज ⏭ गोपालपुर



विधानसभा बिलाईगढ़ (पूर्व मे भटगांव) के अंतर्गत ग्राम सेमरिया, गिधौरी- सारंगढ़ मेन रोड पर स्थित है। यहाँ के सड़क वर्षों पुरानी है, और पुरी तरह से डामर उखड़ चुका है राहगीरों को चलने मे बहुत परेशानी हो रही है जबकि उक्त गाँव डाक्टर हरि दास भारद्वाज ( पूर्व राज्य मंत्री) मध्यप्रदेश शासन के निवास गाँव है जबकि सन्, 1990 मे विधानसभा भटगांव से निर्वाचित होकर अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति विभाग के राज्य मंत्री के पद पर आसीन थे। उसी समय के रोड बना हुआ है। ज्ञात हो की अभी के समय मे धूल के गुब्बारा उड़ रहा है, और बरसात के दिनों ये गड्ढा मे पानी भरा रहता है जिससे राहगीरों को चलने मे परेशानी होता है। पूर्व राज्य मंत्री डॉक्टर हरिदास भारद्वाज से चर्चा करने पर बताया की सड़क के जर्जर स्थित को अधिकारियों को अवगत कराया जा चुका है। अब देखना होगा कब तक मरम्मत होता है। यह रोड जर्जर होना और सुधार न होना क्षेत्र मे चर्चा का विषय बना हुआ है।

## रामनवमी पर भक्तों ने पाया प्रसाद



हरिभूमि न्यूज ⏭ पलारी

देव नगरी ग्राम देवसुन्द्रा में बीते दिन रामनवमी के पावन अवसर पर गांधी चौक के युवाओं द्वारा विशेष भंडारे का आयोजन किया गया। सुबह से ही जवारा विसर्जन में भारी भीड़ रही। वही प्रसाद में युवाओं द्वारा पुलाव व फल वितरण किया गया। आयोजन समिति के सदस्यों ने बताया कि यह कार्यक्रम विगत वर्षों से किया जा रहा है जिसमे युवा उत्साहित है। भण्डारा का आयोजन जय श्री राम के जयकारों के साथ रामखिलावन वर्मा राज प्रधान मनवा कुर्मी क्षत्रिय समाज पलारी राज, कोषाध्यक्ष मतंराम वर्मा ने किया भण्डारा देर शाम तक अनवरत जारी रहा । इसमें राजेन्द्र वर्मा, होरीलाल वर्मा, गोविन्द वर्मा, जितेंद्र वर्मा, भुपेन्द्र वर्मा, कुलेश्वर वर्मा, छन्नु वर्मा, शिवचरण वर्मा, जयप्रकाश वर्मा, ताम्रध्वज वर्मा, हिमान्शु वर्मा,दुर्गेश वर्मा, घनश्याम वर्मा ,केशव, प्रियम, रानु वर्मा, शेषनरायण वर्मा, ईन्द्रदेव वर्मा,रविन्द्र वर्मा, ओमप्रकाश वर्मा, जुगेश्वर वर्मा, खेमिन वर्मा, रामबाई, कान्ति, कुन्ती, जानकी वर्मा, अगशिय, जया वर्मा आदि ने इस आयोजन में सहयोग प्रदान किया।

## हनुमान जन्मोत्सव पर सजेगा भक्ति का दरबार निकलेगी भव्य शोभायात्रा और बाइक रैली

हरिभूमि न्यूज ⏭ भाटापारा

हनुमान जन्मोत्सव के पावन अवसर पर 2 अप्रैल को शोभायात्रा और 1 अप्रैल को मोटर सायकल रैली निकलेगी प्रति वर्षानुसार इस वर्ष भी यह आयोजन श्री संगीतमय सुन्दर कांड समिति द्वारा किया गया है। विगत 26 वर्षो से भव्य शोभा यात्रा निकाली जा रही है। निकालने के लिए हनुमान जन्मोत्सव के उपलक्ष में मीटिंग रखी गई थी जिसमें सभी सदस्य के साथ अगामी शोभायात्रा की तैयारी पूर्ण करने का संकल्प लिया 1 अप्रैल को मोटर साईकिल रैली निकाली जाएगी तथा अप्रैल 2 अप्रैल को हनुमान जयंती की शोभायात्रा स्टेशन के पास स्थित



कुलि हनुमान मन्दिर से सुबह 7:30 बजे से शोभा यात्रा निकाली जाएगी जो पुलिस लाइन होते हुए रामसप्ताह से गोविन्द चौक सति मंदिर बस स्टैंड से कृषि उपज मंडी में समापन पश्चात अग्रोहा ट्रेडर्स में सुन्दर कांड का पाठ किया जाएगा समिति के राजेश उपाध्याय यह जानकारी दी। इसके अलावा 2 अप्रेल हनुमानजी के जन्मोत्सव को मनाने को लेकर उत्साह का माहौल देखा जा रहा है नगर के जेसीस कान्वेंट महावीर धर्मशाला स्थित दक्षिणमुखी हनुमान मंदिर मे तैयारियां जोरशोर से की जा रही है हनुमान जन्मोत्सव के पावन अवसर पर बालाजी महराज का आकर्षक श्रंगार किया जायेगा वहीं सुबह से लेकर देर शाम तक दर्शनार्थियों की भारी भीड रहेगी, मंदिर प्रागंण में भंडारा प्रसादी की भी व्यवस्था की गई है। वहीं नगर के अन्य हनुमान मंदिरों मे भी इस अवसर पर पूजा अर्चना व हनुमान जन्मोत्सव के अवसर पर कार्यक्रम होंगें।

## विधायक अनुज शर्मा ने दी भजनों की प्रस्तुति

# भागवत गंगा का समापन, अनुज के भजनों ने बांधा समां

हरिभूमि न्यूज ⏭ खरोरा

पुराना रामलीला मंच के पास बस्ती पारा माँठ में आयोजित संगीतमय श्रीमद् भागवत महापुराण यज्ञ सप्ताह का समापन भक्ति भाव और उल्लास के साथ हुआ। अंतिम दिन व्यास गद्दी पर विराजमान पंडित राजेश कृष्ण महाराज ने परीक्षित मोक्ष की कथा का भावपूर्ण वर्णन करते हुए बताया कि ऋषि के श्राप के कारण सातवें दिन तक्षक नाग के डसने से मृत्यु निश्चित होने पर राजा परीक्षित ने शुकदेव जी से सात दिन तक भागवत कथा का श्रवण किया। इस अमृतमयी कथा के प्रभाव से उन्हें परमधाम की प्राप्ति हुई और वे मृत्यु के भय से मुक्त हो गए। यह धार्मिक आयोजन जनपद पंचायत तिल्दा की उपाध्यक्ष दुलारी सुरेन्द्र वर्मा द्वारा अपने पोते के जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में कराया गया था। समापन दिवस पर कथा स्थल पर पहुंचे विधायक अनुज शर्मा ने मधुर भजन प्रस्तुत कर श्रद्धालुओं को भावविभोर कर दिया। कार्यक्रम के दौरान भगवान लड्डू गोपाल एवं वर्मा के पोते धक्षेश वर्मा (कान्हा) के सौथ फूलों की होली भी खेली गई।






### हजारों ने ग्रहण किया महाभंडारा प्रसाद

इस अवसर पर धरसीवां के विधायक पद्मश्री अनुज शर्मा, पूर्व विधायक देवजी भाई पटेल, पूर्व जिलाध्यक्ष रायपुर ग्रामीण डॉ. गुलाब टिकरिहा, कार्यालय मंत्री बुद्धेश्वर वर्मा सहित मंडल अध्यक्ष चंद्रकांत साहू, दुष्यंत साहू, छगन यादव, गजेन्द्र वर्मा, डोमार धुरंधर, भोजराम धीवर और अनेक भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे। सभी अतिथियों एवं श्रद्धालुओं ने कथा श्रवण कर धर्म लाभ लिया और ग्राम माँठ सहित आसपास के गांवों से बड़ी संख्या में पहुंचे लोगों के साथ पुष्पों की होली का आनंद लिया। साथ ही, सभी को भागवत कथा एवं चैत्र नवरात्रि पर्व की शुभकामनाएं दी गईं। कार्यक्रम के अंतर्गत 28 मार्च, शनिवार को दुलारी सुरेन्द्र वर्मा द्वारा भव्य भोग-भंडारे का आयोजन भी किया गया, जिसमें ग्रामवासियों और आसपास के क्षेत्रों से हजारों लोगों ने प्रसादी ग्रहण कर पुण्य लाभ प्राप्त किया।

## भूमिहीन मजदूर किसान कल्याण योजना सहायता ही नहीं, सम्मान भी : डॉ. पाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ हथबंद



छत्तीसगढ़ में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय द्वारा शुरू की गई पंडित दीनदयाल उपाध्याय भूमिहीन कृषि मजदूर कल्याण योजना के तहत 4 लाख 95 हजार से अधिक भूमिहीन श्रमिकों को 10,000 रुपए की वार्षिक आर्थिक सहायता प्रदान की जा रही है। इस संबंध में सिमगा जनपद पंचायत अध्यक्ष डॉ. दौलत राम पाल ने मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, कैबिनेट मंत्री टंकराम वर्मा का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि भूमिहीन किसान ग्रामीण अर्थव्यवस्था की रीढ़ हैं और यह योजना उनके जीवन में सकारात्मक बदलाव ला रही है। उन्होंने बताया कि हर वर्ष मिलने वाली 10,000 रुपए की राशि भूमिहीन परिवारों के लिए केवल आर्थिक सहायता ही नहीं, बल्कि उनके सम्मान का प्रतीक भी है। इस राशि से वे अपने दैनिक खर्च, बच्चों की शिक्षा एवं छोटे स्वरोजगार की दिशा में आगे बढ़ सकते हैं। डॉ. पाल ने कहा कि यह योजना "मोदी की गारंटी" का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है, जिससे प्रदेश के गरीब एवं जरूरतमंद परिवारों को आर्थिक संबल मिल रहा है। योजना का मुख्य उद्देश्य भूमिहीन कृषि मजदूरों को आत्मनिर्भर बनाना है, ताकि वे अपने परिवार का बेहतर भरण-पोषण कर सकें। उन्होंने इसे भूमिहीन किसानों के सम्मान एवं स्वावलंबन की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया।

## खबर संक्षेप

### शादी कार्यक्रम में गए युवक की बाइक चोरी

**महासमुंद।** ग्राम तरेकेला में एक शादी कार्यक्रम में गए एक युवक की बाइक चोरी हो गई। बसना पुलिस को रमेश कुमार साहू पिता कौशल प्रसाद साहू ग्राम पिरदा ने कि 27 मार्च को वह अपनी बाइक सीजी 06 जीपी 6368 से ग्राम तरेकेला में हेमसागर पटेल के घर शादी कार्यक्रम में गया था। जहां उसने बाइक को तरेकेला में डिकेश्वर साव के घर के पास रखा था। कार्यक्रम से वापस आने पर उक्त जगह पर बाइक न हीं थी। मामले की रिपोर्ट पर अज्ञात आरोपी के विरूद्ध धारा 303(2) बीएनएस के तहत मामला दर्ज किया गया है।

### महुआ शराब बरामद

**महासमुंद।** बसना पुलिस ने ग्राम खरोरा रोड स्थित जंगल से एक व्यक्ति के कब्जे से महुआ शराब बरामद किया है। पुलिस ने आरोपी नरेश डडसेना पिता गिरधर डडसेना (34 साल) खरोरा थाना बसना के कब्जे से 10 लीटर हाथ भट्ठी निर्मित महुआ शराब कीमत 2000 रुपए को बरामद कर आरोपी के विरूद्ध धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत अपराध दर्ज किया है।

### तालाब की झाड़ियों में फंसकर डूबा बालक, मौत

**महासमुंद।** तालाब में नहाने के दौरान 15 वर्षीय बाल की असमय मौत हो गई। दरअसल, नहाने के दौरान बालक तालाब के अंदर की झाड़ियों में फंस गया और बाहर नही निकल पाने और डूब जाने से उसकी मौत हो गई। मामला जिले के बसना थाना क्षेत्र के ग्राम तोषगांव का है। पुलिस ने मामले में मर्ग कायम कर जांच शुरु कर दी है। मिली जानकारी के मुताबिक, घटना शुक्रवार की है। जब गांव का राजेंद्र बरिहा पिता रविशंकर (15) सुबह नहाने के लिए तालाब पहुंचा। नहाने के दौरान तालाब के भीतर कमल (पूरेन) की झाड़ियों में वह ऐसे फंसा कि बाहर नहीं निकल पाया और डूबने से उसकी मौत हो गई। अन्य बच्चों के घर लौटने और काफी देर तक राजेंद्र के घर नही लौटने से परिजन तलाश में निकले और चिंता से व्याकुल परिजनों को दोपहर करीब 1 बजे तालाब के घाट पर राजेंद्र के कपड़े और चप्पल मिले। अनहोनी की आशंका में परिजन और ग्रामीणों ने तालाब में उतरकर खोजबीन शुरू की। करीब एक घंटे की मशक्कत के बाद राजेंद्र को तालाब से बाहर निकाला गया। उसे बसना अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया।

### नर्रा की शराब दुकान में सात लाख के गबन का मामला

**महासमुंद।** लगातार बिक्री कम दर्शाते हुए जिले के नर्रा क्षेत्र के अंग्रेजी शराब दुकान में तकरीबन 7 लाख के गबन का मामला सामने आया है। शराब घोटाले के आरोपी सुपरवाईजर, सेल्समैन और मल्टी वर्कर को बर्खास्त किए जाने की जानकारी मिली है। बता दें कि मामले में सुपरवाईजर ईश्वर मधुकर, सेल्समैन योगेश चक्रधारी एवं मल्टी वर्कर हुमन पारे द्वारा पिछले कुछ दिनों से लगातार बिक्री कम बताते हुए इस तकरीबन 7 लाख रुपए की घोटाले को अंजाम दिया गया। तीनों आरोपियों से उक्त खानगी की भरपाई किए जाने की बात सामने आई है। लेकिन, अब तक इस मामले में की गई शिकायत और किसी भी प्रकार का खुलासा विभाग अथवा पुलिस द्वारा नही किया गया है। उल्लेखनीय है कि वर्तमान में इस शराब दुकान में रोजाना तकरीबन 1 लाख रुपए की बिक्री दर्ज की जा रही है।

### कैंसर रोग की जांच व परीक्षण प्रतिदिन

**महासमुंद।** स्थानीय इंदिरा मार्केट मेन रोड स्थित महासमुंद मेडिकल स्टोर्स में प्रतिदिन शाम 4 बजे से शाम 7 बजे तक नाक, कान, गला, थायराईड, कैंसर रोग जांच एवं परीक्षण की जाएगी। यहां डॉ. चंचल लहरी उपलब्ध रहेंगी। कान का बहना, आवाज गूंजना, सुनने में परेशानी होना, तंबाखू व गुटखे से गले व मुंह का कैंसर, लगातार सर्दी, जुकाम, एलर्जी व खर्राटे, थायराईड, घेघा रोग की जांच डॉ. अंकित अंबिलकर द्वारा की जाएगी।

### चर्म रोग का जांच आज

**महासमुंद।** स्थानीय मुख्य मार्ग स्थित महासमुंद मेडिकल स्टोर्स में सोमवार से गुरुवार एवं शनिवार को दोपहर 1:30 बजे से 2:30 बजे तक चर्म रोग विशेषज्ञ डॉ. गरिमा शर्मा (एमबीबीएस, एमडी) रायपुर अपनी सेवाएं देंगे।





**जन्मोत्सव : बाइक रैली का जगह-जगह नगरवासियों ने उत्साहपूर्वक स्वागत किया**

# राम जन्मोत्सव पर निकली भव्य बाइक रैली, जय श्री राम के नारों से गूंजा शहर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार



श्री राम जन्मोत्सव के पावन अवसर पर हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी नगर में भव्य बाइक रैली का आयोजन किया गया। श्री राम जन्मोत्सव आयोजन समिति द्वारा पिछले 16 वर्षों से लगातार इस धार्मिक आयोजन का भव्य स्वरूप देखने को मिल रहा है।

आयोजन की शुरुआत दशहरा मैदान से शंखनाद के साथ की गई जहां से सैकड़ों युवाओं की टोली केसरिया पगड़ी एवं पारंपरिक वेशभूषा में भगवा ध्वज लहराते हुए नगर के प्रमुख मार्गों पर निकली। रैली के दौरान "जय श्री राम" और "भारत माता की जय" के उद्घोष से पूरा शहर भक्तिमय माहौल में डूब गया। दोपहिया वाहनों पर सवार युवाओं का उत्साह देखते ही बन रहा था।



रैली ने नगर के विभिन्न मार्गों का भ्रमण किया जहां जगह-जगह लोगों ने पुष्पवर्षा कर स्वागत किया।कार्यक्रम का समापन स्थानीय गार्डन चौक में आतिशबाजी, हर्षोल्लास एवं भगवान श्री राम की आरती के साथ किया गया। इस दौरान नगर के जनप्रतिनिधि, गणमान्य नागरिक, आयोजन समिति के सदस्य तथा आसपास के गांवों से आए बड़ी संख्या में युवा उपस्थित रहे। पूरा आयोजन श्रद्धा, उत्साह और अनुशासन के साथ संपन्न हुआ, जिसने नगर में धार्मिक एकता और उत्सव का संदेश दिया।

## प्रभु राम का आचरण जीवन जीने की कला सिखाता है : यशवर्धन



पलारी। शुक्रवार को हिंदू एकता मंच के तत्वाधान में मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम के जन्मोत्सव पर पलारी में रामनवमी पर्व उत्साह और आनंद से मनाया गया पूरा नगर देर रात तक चले कार्यक्रम में आस्था व श्रद्धा भक्ति का अद्भुत संगम देखने को मिला जहां युवा और युवतियां डीजे के धुन में पूरे नगर का भ्रमण किया वही 3D के जरिए प्रभु श्री राम के चरित्र को दिखाया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि शुभारंभ प्रदेश उपाध्यक्ष किसान मोर्चा व पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष यशवर्धन मोनू वर्मा वार्ड पार्षद राधा भोला वर्मा पार्षद भूषण ठेठवार, देवेंद्र वर्मा,युवा मोर्चा अध्यक्ष भोला वर्मा आदि के आथित्य में दीप प्रज्वलित कर तथा पूजा अर्चना कर की गई,इस अवसर पर यशवर्धन मोनू वर्मा ने कहा कि प्रभु श्रीराम का आचरण हमे जीवन जीने की कला सिखाती है, हमे श्रीराम के आदर्शों पर चलकर उनके बताए मार्ग पर चलते हुए जीवन स्तर ऊंचा करना चाहिए। श्रीराम की शोभा यात्रा वार्ड नंबर 12 से होते हुए बस स्टैंड पहुंची तत्पश्चात बाजार रोड बस्ती की ओर भ्रमण किया वापस रायपुर मार्ग बलोदा बाजार भ्रमण करते रहे देर रात तक चले इस कार्यक्रम में युवाओं में गजब को उत्साह देखने को मिला तथा देर रात तक परवान चढ़ा रहा वे पूरे जोश से भरे हुए थे और जय श्री राम के नारे लगा रहे थे इससे वातावरण राममय हो गया इस अवसर पर मीडिया प्रभारी योगेश वर्मा, प्रमोद देवांगन, महेश धीवर, रामकुमार धिवर घनश्याम वर्मा, अश्वनी टंडन, सूरज, गुरु, सोनू रजक, अरुण, शिवम वर्मा, गोपाल यादव, संदीप देवांगन, संदीप वर्मा, मनीष दुबे,हेमंत यादव,दुर्गेश यादव, सूर्य गोस्वामी, उमेश धीवर, तन्मय वर्मा, मोनू निर्मलकर, नेमीचंद साहू, रवि श्रीवास्तव सहित बड़ी संख्या में महिलाएं और वार्ड वासी शामिल हुए।

## तीन दिवसीय गुरु आसन गद्दी पूजा एवं संत समागम मेला

**खरोरा।** सत्य, अहिंसा मानवता के पुजारी सतनाम धर्म के प्रवर्तक गुरु घासीदास की गुरु आसन गद्दीपूजा सतनाम धाम राजीव नगर नगर पंचायत में होगी। 31 मार्च से 3 अप्रैल तक तीन दिवसीय संत समागम सतनाम भजन सत ग्रंथ कथा वाचन गुरु गद्दी आसन पूजा का आयोजन किया गया है। समाज के संरक्षक वेदराम मनहरे व घनश्याम जोशी अध्यक्ष सतनामी समाज राजीव नगर ने जानकारी देते हुए बताया कि 31 मार्च को अपराह्न 3 बजे सतनाम संदेश कलश यात्रा, संत समागम, अखंड ज्योति प्रज्ज्वलन, गुरु गद्दी आसन स्थापना की जाएगी। तत्पश्चात सतनाम भजन गायन एवं प्रतिभावान छात्र-छात्राओं का सम्मान तथा रात्रि 9 बजे से पंडित राम जोशी का सतनाम सत ग्रंथ गायन वाचन होगा। दूसरे दिन 1 अप्रैल को प्रातः कालीन आरती पश्चात सत्संग, सतनाम भजन कथा वाचन एवं शाम 6 बजे महा आरती पश्चात सफल व्यवसायी, प्रतिष्ठित समाज सेवकों का सम्मान किया जाएगा। रात को भगवती टांडेश्वरी का सतनाम भजन गायन होगा। 2 अप्रैल को समाज के प्रथम आईएएस संजय डहरिया, डॉ . अर्चना बौद्ध प्रोफेसर, एल. एल.कोसले प्रदेशाध्यक्ष प्रगतिशील छत्तीसगढ़ सतनामी समाज एवं रूपनारायण सिन्हा अध्यक्ष योग आयोग, डॉ .भूपेंद्र गिलहरे का सम्मान किया जाएगा। तत्पश्चात रात्रि पद्मश्री उषा बाई बारले का सतनाम भजन गायन होगा। वहीं 3 अप्रैल को 5 बजे सतधारा सतनाम अमृत वर्षा, सतनाम कलश यात्रा पश्चात विसर्जन किया जाएगा। रात 9 बजे सतनाम भजन गायक डॉ. अशोक हरिवंश का कार्यक्रम होगा। उक्त कार्यक्रम में सभी संत समाज, सतनाम भजन गायक, कथा वाचकों की उपस्थिति रहेगी।





## कांग्रेस नेताओं ने संगठन की मजबूती के लिए दिए कार्यकर्ताओं को टिप्स

■ संगठन सृजन में बूथ कमेटियों के गठन के लिए कांग्रेस भवन में बैठक

**भाटापारा।** कांग्रेस भवन में प्रदेश कांग्रेस कमेटी एवं जिला कांग्रेस कमेटी के निर्देश पर संगठन सृजन के अंतर्गत बूथ कमेटी के गठन एवं बीएलए नियुक्ति के लिए आवश्यक बैठक रखी गई थी। कांग्रेसियों ने जिला कांग्रेस अध्यक्ष सुमित्रा घृतलहरे एवं शहर प्रभारी प्रवीण धुरंधर का गुलदस्ते और पुष्पहार से स्वागत किया। सुमित्रा घृतलहरे अध्यक्ष जिला कांग्रेस कमेटी,इन्द्र साव विधायक ,प्रवीण धुरंधर प्रभारी शहर कांग्रेस,सतीश अग्रवाल पूर्व निगम सदस्य,दिवाकर मिश्रा अध्यक्ष ब्लॉक कांग्रेस कमेटी ने कार्यकर्ताओं को संबोधित और टिप्स दिए। सभी वक्ताओं ने संगठन की मजबूती के लिए और संगठन सृजन के अंतर्गत बूथ कमेटियों के गठन के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिए। कार्यक्रम का संचालनपूर्व एल्डरमेन मुकेश साहू ने किया।

**इनकी रही उपस्थिति:** बैठक में गौरी भृगु नानू सोनी चंद्रशेखर चक्रधारी नरेंद्र यदु धनंजय तिवारी अय्यूब बांठिया पुनीत मानिकपुरी शेषनारायण यदु मनमोहन कुर्रे मोहन निषाद राजा तिवारी वैभव केशरवानी दिनेश यदु आदि सहित कांग्रेसजन उपस्थित रहे।

## खरोरा की टीम ओल्ड इज गोल्ड बनी समाज सेवा की मिसाल



हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरोरा

राजीव नगर के वरिष्ठ नागरिकों द्वारा गठित 'टीम ओल्ड इज गोल्ड' इन दिनों अपने अनुकरणीय कार्यों के कारण चर्चा का केंद्र बनी हुई है। 11 सदस्यों वाली इस टीम में अधिकारी, कर्मचारी और व्यवसायी शामिल हैं, जिनमें अधिकांश सेवानिवृत्त होने के बावजूद युवाओं की तरह सक्रिय हैं। टीम के सदस्य वर्ष के 365 दिन नियमित रूप से प्रातः भ्रमण करते हैं। मौसम चाहे कैसा भी हो भीषण ठंड या मूसलाधार बारिश उनकी दिनचर्या में कोई बदलाव नहीं आता। समाज सेवा की भावना से प्रेरित होकर टीम वर्षभर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन करती है। धार्मिक गतिविधियों के तहत शिव महापुराण और श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन किया जाता है। सावन माह में कांवड़ यात्रियों के लिए सेवा शिविर लगाकर सहयोग प्रदान किया जाता है। इसके अलावा, स्वच्छता अभियान में भी टीम की सक्रिय भागीदारी रहती है। जल संरक्षण को लेकर भी समूह जागरूकता अभियान चलाता है और लोगों को पानी के महत्व के प्रति सचेत करता है। खास बात यह है कि टीम के सभी सदस्यों के जन्मदिन सामूहिक रूप से मनाए जाते हैं, जिसमें समाजसेवा के कार्य किए जाते हैं। टीम के सदस्य हैंः जीवन लाल साहू, सी.आर. निमतरिहा, खीकराम साहू, मनहरण वर्मा, सुरेन्द्र वर्मा, नरेन्द्र साहू, माधव सिरमौर, रामदयाल वर्मा, दयाशंकर वर्मा, अशोक साहू एवं दिनेश तिवारी। यह टीम समाज को यह संदेश दे रही है कि सेवा और सक्रियता के लिए उम्र कोई बाधा नहीं होती। युवाओं के लिए प्रेरणा का स्रोत है।

**अखंड नवधा रामायण का भव्य समापन**

# मानस गान में ममता दिव्या मंडली बोरदा ने मारी बाजी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भटगांव

नगर पंचायत भटगांव में हमेशा कुछ न कुछ धार्मिक आयोजन होते रहता है चाहे श्रीमद भागवत पुराण हो, चाहे शिव पुराण हो , इसी क्रम में नगर पंचायत भटगांव के कदम चौक में अखंड नवधा रामायण का आयोजन दिनांक 18 मार्च को भव्य कलश यात्रा निकालकर प्रारम्भ किया गया जो 26 मार्च तक आयोजन हुआ और वहीँ अखंड नवधा रामायण में मानस गान प्रतियोगिता रखा गया था जिसका फाइनल प्रतियोगिता 27 मार्च रात्रि क्रो आयोजन किया गया जहाँ निर्णायक समिति - राकेश देवांगन, भीमेश्वर आदित्य,भरत साहू,तुलसी आदित्य,गणेश यादव,गजानंद साहू एवं लक्ष्मीनारायण साहू जजमेंट में अंतिम सूची जारी करते हुए सभी प्रतियोगी टीम क्रो नगद पुरस्कार, प्रशस्ति पत्र एवं स्मृति चिन्ह प्रदान किया गया। जहाँ प्रथम पुरुस्कार 21001/- ममता दिव्या मानस मंडली बोरदा शक्ति, द्वितीय पुरुस्कार 17001/- संगीता मानस मंडली टूंडरा,तृतीय पुरुस्कार 15001/- रमेश साहू मानस मंडली पेण्ड्री,चतुर्थ पुरुस्कार 13001/ खुशी मानस मंडली कोरबा एवं पंचम पुरुस्कार 10001/- जय जय श्रीराम मानस मंडली दर्रा भाठा बाराद्वार, षष्टम पुरुस्कार 7001 /- केशव चंद्रा नंगझर, सप्तम पुरुस्कार ममता ग्रुप कोरबा 5001/, अष्टम 4001/ लक्ष्मी ग्रुप दादर कोरबा, नवम पुरुस्कार 3001 /- रागनी ग्रुप ओडेकेरा जैजैपुर, 10 वॉ पुरुस्कार 2001 राम लखन ग्रुप सरसींवा एवं 11 वॉ पुरुस्कार 1001 श्री बालाजी ग्रुप कटही किकीरदा क्रो प्राप्त हुआ. सांत्वना पुरस्कार 701/- जय माँ भवानी परसापाली, मान सरोवर धारासीव, मनी, राकेश व मनोहर आदित्य रायगढ़ क्रो प्रदान किया गया।





### समिति और नगरवासियों का रहा विशेष सहयोग

नवधा रामायण कार्यक्रम में आचार्य प्रशांत चौब, यजमान मुरारी लाल आदित्य ऊषा आदित्य रहे। अखंड नवधा रामायण का धार्मिक और भक्तिमय वातावरण में आयोजन सम्पन्न हुआ जहाँ पूरे नौ दिनों तक चलने वाले इस आयोजन में प्रतिदिन बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित होकर भगवान श्रीराम की कथा का रसपान किये । वहीं श्रद्धालु गण श्रीराम कथा सुनकर भाव-विभोर हुए। नवधा रामायण के सफल आयोजन में समिति के सदस्य मुरारी लाल आदित्य, कांशी राम आदित्य, भरत लाल साहू, बिहारी आदित्य, तुलसी आदित्य, गणेश राम यादव, विनोद आदित्य, संतोष यादव, मनोज साहू, दादूलाल साहू, संतोष साहू एवं कदम चौक के सभी लोगों का विशेष सहयोग प्राप्त हुआ एवं समस्त नगरवासियों का विशेष सहयोग रहा। कार्यक्रम के प्रचार प्रसार में भटगांव प्रिंट एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया का भी विशेष योगदान रहा।

